तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

10 मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



12 वंदे मातरम के 150 वर्ष : जनपद सभाकक्ष ...





## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की ठोकर से बच्ची घायल

**बालोद।** अपने घर के पास खड़ी बच्ची को मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिससे बच्ची बुरी तरह घायल हो गई। जिसके बाद बच्ची के पिता ने मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जमरूवा निवासी राजेन्द्र कुमार ने पुलिस को बताया कि मेडिकल दुकान ग्राम जमरूवा के मेन रोड पर है एक तरफ मेरा दुकान तथा दुसरी तरफ मेरा घर है, बेटी कुमारी तर्पणा घर से मेडिकल दुकान जाने के लिये रोड पार कर के दुकान के पास खडी थी कि उसी समय करहीभदर से बालोद की ओर जाने वाला मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 यू 4657 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफतार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते मेरी बेटी तर्पणा को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, घटना में मेरी बेटी कुमारी तर्पणा के सिर, हाथ, दोनो पैर में व पसली में चोट लगा था जिसे प्राईवेट वाहन के माध्यम से हॉस्पिटल धमतरी में ले जाकर 01 नवंबर से 06 नवंबर तक भर्ती होकर ईलाज कराने के बाद डिस्चार्ज होने पर थाना बालोद में रिपोर्ट करने आया हूं।

### आईआईटी में प्लेसमेंट कैंप लगाया जाएगा 13 को

**बालोद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में 13 नवंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि निजी कंपनी द्वारा 13 नवंबर को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 से 27 वर्ष की आयु वाले 12वीं, आईटीआई एवं डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते हैं।

### 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा आज

**बालोद।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में किया गया है। जिसका उद्घाटन 8 नवंबर को किया जाएगा। जिसमें फुटबॉल, खो–खो, नेटबॉल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधाई कार्य छग शासन गजेन्द्र यादव रहेंगे। अध्यक्षता सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर भोजराज नाग करेंगें। विशिष्ट अतिथि विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक बालोद संगीता सिन्हा, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निशाद, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, पूर्व अध्यक्ष राज्य बाल संरक्षण आयोग एवं पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, अध्यक्ष नगर पालिका बालोद प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ यज्ञदत्त शर्मा, चेयरमेन इंडियन रेडक्रास सोसायटी छ.ग. एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू, जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद राकेश यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद सरस्वती टेमरिया, उपाध्यक्ष राज्य एथलेटिक्स संघ सौरभ लुनिया उपस्थित रहेंगे।

### खिलाड़ी से छेड़खानी व हाथापाई, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नेशनल फुटबाल खिलाड़ी के साथ छेड़खानी कर उसके साथ हाथापाई करने का मामला सामने आया है। खिलाड़ी की बांह पकड़कर आरोपी उसे जबरन अपने साथ चलने का दबाव भी बना रहा था। युवती ने किसी तरह आरोपी से चुंगल छुड़ाकर पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 74, 78, 351(3), 126(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# रानीतराई कॉलेज भवन का कछुए की चाल से निर्माण, छात्रा हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

रानीतराई को स्नातक तक शासकीय कालेज की सौगात 2021 में मिली तो सही लेकिन भवन निर्माण का काम कछुए की चाल में चल रही है। मिडिल स्कूल भवन में अभी 231 कालेज स्टूडेंड आर्ट्स कॉमर्स साइंस विषयों में भाग्य संवारने का प्रयास प्राचार्य अरुण मिश्रा एवं सक्रिय भूमिका निभाने वाले प्राध्यापकों की मार्गदर्शन में कर रहे है दो बेच निकल चुकी लेकिन सबको भवन निर्माण में देरी खटकने लगी है। लोकनिर्माण विभाग के अधीनस्थ चल रहे

- जुलाई 2025 तक पूर्ण होने की उम्मीद अब भी अधूरी

## मिडिल स्कूल भवन में चल रहा स्नातक का अध्ययन

### चंद काम ही बचे हैं जल्द ही पूर्ण कर लिया जाएगाः एसडीओ

शासकीय कालेज भवन निर्माण के जिम्मेदार अधिकारी एसडीओ सोनल ने बताया कि अंतिम दौर का फिनिशिंग वर्क ही बचा है जिसे शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास जारी है जल्द ही भवन कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।



### अविलंब भवन कार्य पूर्ण करे पीडब्ल्यूडीः सभापति

जिलापंचायत सभापति कल्पना नारद साहू एवं भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू ने नवनिर्माणधीन शासकीय कालेज भवन का निरीक्षण किया।कालेज भवन की भव्यता को सराहा और कहा कि लोकनिर्माण विभाग तेज गति से कार्य पूर्ण कर कालेज विधार्थियो को भवन की सुविधा अविलंब उपलब्ध कराए।

कार्य की मंद गति को तेज गति देने में नए आए एसडीओ सोनल कहते है प्रयास तो जारी है लेकिन भवन का लोकार्पण कराके कालेज को कब हैंडओवर करेंगे एसडीओ समय बताने की स्थिति में अभी नहीं है। लेकिन आश्वासन पूरा है कि अंतिम दौर में चल रहे कार्य को शीघ्र पूर्ण करा लिया जाएगा।

**जुलाई 2025 में थी भवन पूर्णता की उम्मीद :** प्राचार्य अरुण मिश्रा ने बताया कि जुलाई 2025 में नए भवन में अध्ययन अध्यापन की संभावना बनी किंतु आज भी भवन निर्माण कार्य जारी है। विद्यार्थियों को भवन में फूल फैसलिटी मिलेगी तो अध्ययन में अधिक रुचि बन पाएगी। एसडीओ सोनल ने कहा कि युद्ध स्तर पर कार्य को पूर्ण कराने का प्रयास जारी है।

**कार्यक्रम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का शुभारंभ

# जिला पंचायत सभाकक्ष में गूंजा 'वंदे मातरम'





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर वंदे मातरम् 150 साल पूरे होने पर आगामी दिनों में चलने वाले उत्सव का उद्घाटन किया तथा वंदे मातरम् के अर्थ पर बात की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् का मतलब संकल्पों की सिद्धी है। वंदे मातरम् गुलामी के दौरान भारत की आजादी के संकल्प का उद्घोष बन गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम शब्द हमारे भीतर आत्मविश्वास जगाता है। हमें यह शक्ति देता है कि कोई भी लक्ष्य असंभव नही है।

- जिला अधिकारियों–जनप्रतिनिधियों ने किया सामूहिक गायन

### वंदे मातरम का हुआ सामूहिक गायन

उन्होंने कहा कि यह गीत पीढ़ियों से भारतीयों के दिल में जोश और राष्ट्र प्रेम भरता है। कार्यक्रम के उपरांत जिला पंचायत सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों ने पूरे उत्साह एवं सम्मान के साथ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि यशवंत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, राकेश यादव, कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### जनपद पंचायत डौंडी में गूंजा 'वंदे मातरम'



**बालोद।** राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150वीं वर्षगाठ के अवसर पर जनपद पंचायत डौण्डी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम प्रसारण का प्रसारण किया गया। इसके पश्चात उपस्थित जनों द्वारा एक साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का किया गया गायन। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि डॉ. रूपेश नायक, महावीर ठाकुर सहित हिंसाराम साहू, मनीष झा, रत्ना हिरवानी, झमित धलनिया, तुलेश्वर हिचामी के अलावा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

# तेज रफ्तार बाइक दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत, साथी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बाईक के माध्यम से रिश्तेदार के यहां जा रहे दो युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जहां एक युवक का ईलाज के दौरान मौत हो गया व एक युवक घायल हो गया। मृतक युवक के भाई ने वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

- रिश्तेदार के घर से लौटते वक्त हुआ हादसा–मृतक के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट
- खामभाट से लौटते वक्त मुजगहन के पास हुआ हादसा

ग्राम कुतुलबोड भांठागांव थाना लालबाग जिला राजनांदगांव निवासी छोटे लाल साहू पिता माखन लाल 38 वर्ष ने पुलिस को बताया प 5.11.2025 को मैं अपने पारिवारिक रिश्तेदार के घर सगाई कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम खामभाट आया था, जहां रात्रि करीब 07.30–08 बजे के बीच मेरा छोटा भाई कौशल राम साहू जो ग्राम सिर्राभांठा निवासी इंद्रेश कुमार तारम के साथ मुझसे मिलने ग्राम खामभाट आये थे। मुझसे मुलाकात करके बातचीत किया और घर में बिना बताये आया हुं कहकर इंद्रेश कुमार तारम के मोटर सायकल क्र. सीजी 08 ए.जे. –1466 में वापस चले गये, उसके बाद रात्रि करीब 10 बजे मेरा पारिवारिक रिश्तेदार देवानंद साहू ने मुझे फोन करके बताया कि आपका छोटा भाई कौशल राम साहू का ग्राम मुजगहन के पास एक्सीडेंट हो गया है, जिसे ईलाज कराने 108 एम्बूलेंस में शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल पेण्ड्री राजनांदगांव ले गये हैं, तब मैं अपनी पत्नि को अपने गृहग्राम कुतुलबोड भांठागांव में छोडकर मेरा साला संतोष साहू के साथ शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल पेण्ड्री राजनांदगांव गया और वहां जाकर देखा तो मेरा छोटा भाई कौशल राम साहू का मृत्यु हो गया था, उसके नांक से खुन निकल रहा था, सिर में पीछे चोंट लगी थी, खुन निकल रहा था। उसके बाद मुझे पता चला कि मेरा छोटा भाई कौशल राम साहू और उसके दोस्त इंद्रेश कुमार तारम दोनों मो0सा0 हीरो एच.एफ. डिलक्स क्र. सीजी 08 ए.जे. –1466 में ग्राम खामभाट से ग्राम सिर्राभांठा, कुतुलबोड भांठागांव जा रहे थे। मोटर सायकल को ग्राम सिर्राभांठा निवासी इंद्रेश कुमार तारम चला रहा था, मोटर सायकल के पीछे में मेरा छोटा भाई कौशल राम साहू बैठा था। रात्रि करीब 09.30 बजे ग्राम मुजगहन बाजार चौक, माता कौशिल्या मंदिर के आगे मेन रोड में पहुंचे थे उसी समय इंद्रेश कुमार तारम ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

# दिनदहाड़े किसान के घर 2.5 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घर मे ताला लगाकर खेत गए किसान के सुने मकान मे घुसकर अज्ञात चोर ने दिनदहाड़े सोने चांदी व नगदी सहित 250000 रूपये की चोरी कर ली।

- ताला तोड़कर घर में घुसे अज्ञात चोर - सोने–चांदी के जेवर और नगदी पार

जिसके बाद पीड़ित किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(एं), 329(2), 329(4), 331(3), 332(ब) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम ओटेबंद थाना गुण्डरदेही निवासी अंकालुराम निषाद ने पुलिस को बताया कि हम लोग घर में मै, 04 नवंबर को हम सभी घर के सदस्य सुबह 10 बजे अपने खेत में कार्य करने के लिये घर के मुख्य दरवाजा तथा अंदर के दरवाजा में ताला लगाकर चले गये थे। मै शाम करीबन 05 बजे घर वापस आया तो देखा कि घर के मुख्य दरवाजा में ताला लगा हुआ था जिसे खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि घर के अंदर का दरवाजा का दो ताला टूटा हुआ था, जिसे तोड़ने के लिये मेरे ही घर के कुदाल एवं राड का प्रयोग किया गया था।

घर के अंदर कमरे के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। घर के दोनों कमरे का आलमारी को खोलकर देखा तो आलमारी में रखे सोने चांदी के आभुषण एवं नगदी रकम 8000 नही था।

किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मेरे घर के परदा को कुदकर अंदर प्रवेश कर घर के अंदर के दरवाजा मे लगे ताला को तोड़कर कमरे में प्रवेश कर आलमारी के लाकर का चाबी ढुंढकर आलमारी में रखे सोने का गुलबंध 01 नग, सोने का खिनवा 01 जोड़ी, सोने का अंगुठी 02 नग, सोने का नथली 02 नग, सोने का ताबिज 02 नग, चांदी का पायल 06 सेट, चांदी का करधन 02 नग, चांदी का बिझिया 36 नग, चांदी का बाजुबंध 02 नग, चांदी का चाबीरिंग 02 नग एवं नगदी रकम 8000 रुपया को चोरी कर ले गया है।

### बीएलओ प्रत्येक घर में जाकर 4 दिसंबर तक गणना पत्रक भराएंगे

**बालोद।** निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत जिले में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ अपने मतदान केन्द्र के प्रत्येक घरों में जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भराएंगे। इस अवधि में फार्म वितरण कर एकत्र भी किया जाएगा। उन्होंने जिले के मतदाताओं से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर त्रुटिरहित मतदाता सूची निर्माण करने की अपील की है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवार के माध्यम से मुनादी एवं नगरीय क्षेत्र में स्वच्छता वाहन के माध्यम से प्रचार–प्रसार करने के निर्देश भी दिए है।

# एकता की भावना को मजबूत करने यूनिटी मार्च पदयात्रा निकलेगी 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन बालोद एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग माय भारत बालोद के संयुक्त तत्वावधान में जिले में 10 नवंबर को सुबह 7 बजे से यूनिटी मार्च 2025 का आयोजन किया जाएगा।

- सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयंती पर आयोजन

अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले में यूनिटी मार्च माँ गंगा मैय्या मंदिर प्रांगण झलमला से शुरू होकर बस स्टैण्ड, हायर सेकण्ड्री स्कूल से ग्राम सिवनी ग्राम होते हुए मुख्य मार्ग जिसके पश्चात मुख्य मार्ग बालोद की ओर गंजपारा स्थित दुर्गा मंदिर बालोद से दायां सदर बाजार, सब्जी मार्केट से मधु चौक, कचहरी चौक से नया बस स्टैण्ड बालोद पहुंचकर यूनिटी मार्च पदयात्रा का समापन होगा। उल्लेखनीय है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 150वीं जयंती के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाने, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाने और एकता की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से विशेष ध्यान देते हुए पूरे राज्य में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जा रहा है।

यूनिटी मार्च में गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र–छात्राएं खिलाड़ी, अधिकारी–कर्मचारी, समाज के पदाधिकारी, ग्रीन कमाण्डो, स्वच्छता दीदी, नल–जल मित्र इत्यादि सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे। उन्होंने जिले के सभी गणमान्य नागरिकों, बच्चे, युवा वर्ग को इस अखण्ड भारत की एकता यात्रा में अधिक से अधिक शामिल होकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' को एकजुट होकर साकार करने को कहा है।

**शिक्षकों की देरी पर बिफरीं जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम**

# शाला पंडेल की निरीक्षण में सभी शिक्षक नरारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य व सदस्य शिक्षा समिति जिला पंचायत बालोद शुक्रवार को सुबह लगभग 9.45 बजे अपने निर्वाचन छेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंडेल शाला खुलने के निर्धारित समय के पूर्व पहुंची और लाभ 2 घंटे शाला में रही तो पाया की शाला खुलने के निर्धारित समय में बच्चे स्कूल पहुँच गए थे किंतु एक भी शिक्षक शाला नही पहुंचे थे,पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को प्राथमिक शाला के टीचरों के भरोसे प्रार्थना कराया गया

- बच्चों से की बातचीत, कहा– "अगली बार लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई"



सुबह लगभग 10.30 बजे के बाद शिक्षको ने एक एक कर शाला में उपस्थिति दर्ज कराई।

जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि पर्याप्त रूप से शाला में टीचर होने के बावजूद कोई भी टीचर समय पे क्यों नहीं पहुँच रहे हैं अगर कोई भी शिक्षक दूर से आ रहे हैं तो भी उनको शासन द्वारा निर्धारित समय पर स्कूल में उपस्थित होना अनिवार्य है , किंतु शाला समय पर एक भी टीचर उपस्थित नहीं थे जिसको लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते कहा की शाला में शिक्षक अपने निर्धारित समयावधि में स्कूल पहुंचेंगे तो बच्चे भी समय पर शाला पहुंचेंगे किंतु उक्त शाला में बच्चे पहले स्कूल पहुंच रहे है और शिक्षक बाद में? ,इस दरम्यान ग्रामीणों ने शिक्षको के विलंब से आने की शिकायत जिला पंचायत सदस्य से की ,जिला पंचायत सदस्य ने विलंब से शाला पहुंचे शिक्षको समझाते हुए कहा कि ऐसी लापरवाही और नहीं होना चाहिए । इस बार मैं आपको छोड़ रही हूँ। पर अगली बार इस तरह से मुझे कुछ सुनाई दिया या देखने को मिला या समय पे स्कूल नहीं आओगे तो मैं कार्यवाही करूँगी ।

और बच्चों से जब सवाल जवाब किया गया तो बच्चे ठीक तरह से नहीं बता पाए तो शिक्षक को क्लास में बुलाकर पढ़ाने के लिए बोला गया और जिला पंचायत सदस्य बच्चों के साथ बैठकर शिक्षक कैसे पढ़ा रहे हैं बच्चों को उनका भी जायजा लिया गया ।

### शिक्षा की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी

जिला पंचायत सदस्य ने समझाते हुए कहा कि बच्चे जो हैं वो शिक्षकों को ही देखकर सीखते हैं अगर शिक्षा देने वाला शिक्षक ही समय पर और उनकी पढ़ाई पर ध्यान नहीं देगें तो बच्चों पर बुरा असर पड़ता है इस अवसर पर श्रीमती माहेश्वरी बाई तूमरेकी सरपंच ग्राम पंचायत धोबनी( ब), पंचगण, गांव के प्रमुख जन , शुभम राजपूत भी उपस्थित थे । गौरतलब है की नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य लगातार अपने निर्वाचन छेत्र के स्कूल और आँगनबाड़ी केंद्र का लगातार दौरा कर निरीक्षण कर शाला भवन की स्थिति ,बच्चो के अध्यापन के लिए पर्याप्त शिक्षक ,बच्चो को अच्छी शिक्षा,मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सहित अन्य विषयों की जानकारी ले रही है।

# जोन स्तरीय स्क्रीनिंग टेस्ट में टटेंगा के विद्यार्थी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कक्षा 11वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों की नीट, जीईई की निःशुल्क आवासीय कोचिंग के लिए जोन स्तरीय स्क्रीनिंग टेस्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरतला रोड में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के 17 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने प्राचार्य आर के देवांगन के सहमति से व व्याख्याता अजय पाठक के नेतृत्व में हिस्सा लिया।

परीक्षा में उन्हीं विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया जिन्होंने 10 वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। सभी जोन के विद्यार्थियों का जिला स्तर पर प्रवीण्य सूची तैयार कर टॉपर विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### विश्व फाऊंटेन पेन दिवस आज

**भिलाई।** विश्व फाऊंटेन पेन दिवस का कार्यक्रम सेक्टर 6 स्थित जलकंठेश्वर मंदिर साईबाबा मंदिर के पास आयोजित है। 7 नवम्बर शुक्रवार की शाम 5 से 8 बजे से होगा। कार्यक्रम प्राचीन कलम दवात व फाऊंटेन की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी एलसी कश्यप ने दी है।

### विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत जांच की मांग

**भिलाई।** विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत मामले को लेकर परिजनों ने थाना प्रभारी को लिखित में शिकायत किया है। कोहका पुरानी बस्ती निवासी सुबीर नंदी ने बताया कि ईशा पाल का विवाह वर्ष 2021 में विवेकानंद नगर कैम्प 2 निवासी संजय पाल के साथ हुआ था। आरोप है कि पति संजय, सासपुतुल पाल, ससुर दुलाल, ननंद ममता द्वारा बेटी ईशा को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। बेटी ईशा को दबाव डालकर दो लाख रुपए का डिमांड ससुराल वाले कर रहे थे। रुपए नहीं देने पर बेटी को घर से बाहर निकाल दिया था। बेटी जब मायके में आ गई तो दमाद संजय उसे समझा बुझाकर ससुराल लेकर आ गया।ईशा के डिलवरी के 11 दिन बाद संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। जिसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### एमआरडी ने एलडी स्लैग प्रेषण में बनाया रिकॉर्ड

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मटेरियल रिकवरी विभाग ने अक्टूबर माह में 55,910.11 टन एल.डी. स्लैग का प्रेषण कर नया सर्वकालिक रिकॉर्ड स्थापित किया है। जो सितंबर 2025 में दर्ज 51,036.05 टन के पिछले सर्वोच्च रिकॉर्ड से अधिक है। प्रबंधन ने कहा यह टीम वर्क का परिणाम है। टीमवर्क का परिणाम है। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि मटेरियल रिकवरी विभाग, सेवाएँ तथा संबद्ध विभागों के सहयोगात्मक कार्यप्रणाली का परिणाम है और साझा उद्देश्य के प्रति समर्पण की मिसाल है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषारकांत ने कहा कि सभी इकाइयों के बीच समुचित तालमेल और सामूहिक प्रयासों से ही यह रिकॉर्ड संभव हुआ है। सीजीएम सुशील कुमार ने भी सराहना की।

## पेज 9 का शेष

### तेज रफ्तार बाइक ...

अपने मोटर सायकल को काफी तेज गति से चलाते हुये ले जाकर रोड किनारे बैठे मवेशी में टकराकर ऐक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरा छोटा भाई कौशल राम साहू के सिर में गहरी चोंट लगी थी और चालक इंद्रेश कुमार तारम को भी चोंट आया है। मेरा छोटा भाई कौशल राम साहू और इंद्रेश कुमार तारम को मेरे गांव के उत्तम साहू, दुष्यंत कुमार साहू, इंदल साहू, और ग्राम सिंघोला निवासी सिकन्दर साहू शासकीय 108 ऐम्बूलेंस में ईलाज कराने शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल पेण्ड्री राजनांदगांव ले गये थे। जहां मेरा छोटा भाई कौशल राम साहू का रोड ऐक्सीडेंट से आई चोंट से उसका मृत्यू हो गया है और चालक इंद्रेश कुमार तारम अभी ईलाज हेतु शासकीय मेडिकल कालेज अस्पताल पेण्ड्री राजनांदगांव में भर्ती है। दाह संस्कार करने के बाद चौकी पिनकापार में आकर रिपोर्ट दर्ज करा रहा हुं।

# टाउनशिप में थर्ड पार्टी आवासधारियों पर फिर गिरी रेंट की गाज

**एक रुपए प्रति वर्ग फुट बढ़ा रेंट, एक नवंबर से देनी होगी बढ़ी हुई राशि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में थर्ड पार्टी के आवासधारियों को अब फिर से रेंट की गाज गिरी है। आवासधारियों को इस माह अब अधिक रेंट राशि भुगतान करना होगा। प्रबंधन द्वारा एक रुपए प्रति वर्गफीट किराया वृद्धि कर दी गई है। इससे सैकड़ों आवासधारी प्रभावित होंगे। टाउनशिप में करीबन 32 सौ आवासों को थर्ड पार्टी को आवंटित किया गया है।

टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में सरप्लस बीएसपी क्वार्टरों को राज्य शासन और निजी संस्थानों के कर्मियों अधिकारियों और संगठनो के साथ कई जरुरतमंद आवासहीनों बतौर थर्ड पार्टी आवंटित किया गया है। आवासधारियों से दो से पांच लाख सुरक्षा निधि के साथ प्रति माह क्वार्टर का प्रति वर्ग फीट किराया राशि देय होता है। यूनियनों के मुताबिक नवंबर माह से सीधे 1 रुपए रेंट बढ़ा दिया गया है। बिजली व पानी का बिल अलग से देय होता है। आवासधारियों के माहांत के बिल में रेंट राशि बढ़कर आई है। गौरतलब हो कि पिछले मात्र करीबन पांत सात साल के दौरान ही प्रबंधन द्वारा दस मर्तबा यह राशि बढ़ाई जा चुकी है। सबसे पहले थर्ड पार्टी आवास का 1 रुपए प्रति वर्ग फुट रेंट था। इसके बाद 1.30 पैसे फिर 2 बाद 3 रुपए किया। फिर कुछ ही समय बाद सीधे डबल यानी 7 रुपए प्रति वर्ग फुट निर्धारित कर दिया गया। और अब 1 रुपए और यानी 1 नवंबर से किराया 8 रुपए प्रति स्कवेयर फीट कर दिया गया है।



**बीएसपी को दोहरा लाभ**

टाउनशिप में वर्षों पुराने छोटे आवासों को थर्ड पार्टी को आवंटित किया गया है। कुल 32 सौ बीएसपी क्वार्टर थर्ड पार्टी को आवंटित किए गए हैं। इनमें अधिकतर एनक्यू-थ्री व एनक्यू फोर और इसके आसपास की श्रेणी के हैं। टाउनशिप के यह आवास पचास साठ साल पुराने हो चुके हैं, जिस कारण जर्जर स्थिति मे हैं। इन मकानों को थर्ड पार्टी को देने से बीएसपी को दोहरा लाभ हो रहा है। एक तो बीएसपी को सीधे बतौर किराया व लाखों सुरक्षा निधि रेवेन्यू मिल रहा है वहीं दूसरी ओर ऐसे पुराने मकानों का नियमित मेंटेनेंस यानी रखरखाव भी नहीं करना पड़ रहा है। साथ ही कब्जे में नहीं जाने से अराजकता से भी निजात मिल रही है।

## मैत्रीबाग के बाद अब जेएलएन अस्पताल पर कसा शिकंजा

# धीरे-धीरे किस्तों में हो रहा बीएसपी का निजीकरण, विरोध में यूनियनें एकजुट

**कई अनुभागों व कार्यों का हो चुका है ठेकाकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

किस्तों में निजीकरण की ओर बढ़ रहा है। संयंत्र के साथ नान वर्क्स एरिया में भी कुछ विभागों में आउटसोर्सिंग बढ़ रही है। इससे कार्मिकों को अपना भविष्य अधर में नजर आ रहा है। इसके साथ ही कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। इसके खिलाफ यूनियनों ने एकजुटता बढ़ाते हुए निजीकरण पर रोक नहीं लगने से प्रबंधन व सरकार को विरोध तेज किए जाने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ सालों से सेल में भर्तियों पर रोक लगने के साथ तेजी से मेन पावर कम हो रहा है। इसका दुष्परिणाम सार्वजनिक उपक्रमों पर सरकार का निजीकरण का शिकंजा सकता जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक एक ओर तो बीएसपी का एक्सपांशन किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर इस संयंत्र व अन्य सर्विसेस को निजी हाथों में दिया जा रहा है। बीएसपी व टाउनशिप के कई विभागों व अनुभागों को आउटसोर्स के हवाले किया जा रहा है। इसके तहत अब चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के सेक्टर नौ हास्पिटल और सेक्टर व अस्पताल के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसके पूर्व मैत्रीबाग के कुछ अनुभागों को भी आउटसोर्स पर दिया जा चुका है। टाउनशिप में सफाई व्यवस्था क्लीनिंग, बिजली विभाग की मीटर रीडिंग, शिक्षा विभाग के स्कूलों में संविदा शिक्षक,जेएलएन अस्पताल में आधा दर्जन विशेषज्ञ चिकित्सक,ओपीडी में अटेंडेंट्स आदि आउटसोर्स पर हैं। इसका यूनियनों व विभिन्न संगठनों द्वारा पुरोजर विरोध किया जा रहा है। पूर्व में वर्क्स और नान वर्क्स एरिया में दर्जनभर अनुभागों व का ठेकाकरण किया जा चुका है।



**बीएसपी में मेंटेनेंस व लोको भी आउटसोर्स पर**

भिलाई इस्पात संयंत्र में भी कई अनुभागों व कार्यों का ठेकाकरण किया जा चुका है। करीबन 80 ठेका लोको पायलट हैं। यह काम पिछले दस साल से निजी एजेंसी देख रही है। इसके अलावा कई मिलों व शाप्स आदि में मशीनों का मेंटेनेंस वर्क भी ठेका एजेंसियों के हवाले हैं। यूनियनों के मुताबिक इनमें कई लोकल और कुछ अन्य प्रदेशों व विदेश की हैं। एटक के महासचिव वीक सोनी बताते हैं कि केंद्र सरकार रोजगार और देश के विकास में साठ साल तक अहम योगदान देने वाले पीएसयू सहित कई उपक्रमों का निजीकरण कर रही है। इसका सीधा नुकसान वर्कर्स और देश को हो रहा है।

**निजीकरण के खिलाफ दो बार देशव्यापी बंद**

देश के सार्वजनिक क्षेत्र के व केंद्रीय उपक्रमों के सरकार की निजीकरण व विनिवेशीकरण नीति का यूनियनों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। सीटू के महासचिव जेपी त्रिवेदी बताते हैं कि पिछले तीन साल में दो बार भारत बंद सहित कई बार धरना प्रदर्शन हो चुका है। भिलाई में इसके पूर्व फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड एफएसएनएल को सरकार निजी हाथों में दे चुकी है। बीएसपी में कई कामों के आउटसोर्स के बाद जेएलएन हास्पिटल भी निजी हाथों में देने की तैयारी सरकार व प्रबंधन कर रही है। सीटू इसका पुरजोर विरोध करकर रही है।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छग शासन की महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बालोद जिले के श्रद्धालुओं को जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर आदि ने हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ, द्वारिका और नागेश्वर के लिए जत्थे को रवाना किया। यह योजना उन श्रद्धालुओं के लिए वरदान साबित हो रही है, जिनकी धार्मिक यात्र की इच्छा आर्थिक या अन्य कारणों से पूरी नहीं हो पा रही थी। तीर्थयात्रियों के चेहरे पर अपने आराध्य के दर्शन की उत्सुकता और खुशी साफ झलक रही थी, जिससे पूरा वातावरण ऊर्जा और आस्था से भर गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि यह योजना केवल एक यात्र नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं के प्रति हमारी सरकार की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि समाज के हर वर्ग को अपनी धार्मिक भावनाओं को व्यक्त करने का अवसर मिले। यह देखकर अपार संतोष होता है कि हमारे वरिष्ठजन इस योजना का लाभ लेकर अपने जीवन के सबसे बड़े सपनों में से एक को पूरा कर रहे हैं। अध्यक्ष सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी यात्रियों को मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं और भरोसा दिलाया कि सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

**लाभार्थियों ने जताया आभार**

तीर्थयात्रियों ने भावुक होकर कहा इस उम्र में, अकेले यात्र करना हमारे लिए लगभग असंभव था, लेकिन सरकारी योजना ने हमें मुफ्त में यह सुअवसर दिया। आज हम जो खुशी महसूस कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। इस यात्र में जिला प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं की चाक–चौबंद तैयारी की है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हों। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रजौली के सरपंच त्रयोदश मुकेश, समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अजय गेडाम सहित बड़ी संख्या में तीर्थयात्री उपस्थित थे।

# बच्ची के सामने जानलेवा स्टंट, बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने भिलाई के सेक्टर क्षेत्रों में बिना नंबर प्लेट की हाई स्पीड और स्टंटबाजी करने वाली गाड़ियों पर पुलिस की निष्क्रियता को लेकर दुर्ग कलेक्टर से ऑनलाइन शिकायत की है।

■ आप नेता जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर से की शिकायत

उन्होंने सवाल उठाया कि जब शहर में जगह-जगह कैमरे लगे हैं और बिना हेलमेट वालों पर चालान हो रहे हैं, तो सड़क पर जानलेवा स्टंट करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रहे। जसप्रीत सिंह ने बताया कि यह शिकायत तब करनी पड़ी जब वे अपनी बच्ची को स्कूल से लेकर लौट रहे थे। रास्ते में 14 से 15 साल के कुछ नाबालिग लड़के बिना नंबर प्लेट की बाइक पर खतरनाक स्टंट कर रहे थे। उन्होंने तत्काल पुलिस आपातकालीन सेवा 112 और ट्रैफिक कंट्रोल रूम को सूचना दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

जसप्रीत सिंह ने कहा कि सेक्टर 1 से 10 तक कैमरे लगे हैं और ट्रैफिक प्रशासन का दावा है कि चालान घर भेजे जा रहे हैं, फिर भी बिना नंबर प्लेट की गाड़ियां खुलेआम घूम रही हैं।

जसप्रीत सिंह ने मांग की है कि कैमरे से फुटेज देखकर ऐसे चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो। शिकायत में उन्होंने खुर्सीपार कैनाल रोड पर रात के समय अवैध रूप से खड़ी हैवी गाड़ियों का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि इस बारे में कई बार ट्रैफिक डीएसपी को सूचना देने के बाद भी सिर्फ "पेट्रोलिंग जारी है" कहकर मामला टाल दिया गया। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि वे इस शिकायत का संज्ञान लें और ट्रैफिक विभाग को सख्त निर्देश जारी करें ताकि भिलाई की सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# टैक्स जमा नहीं, बकायादारों के नल कनेक्शन काटे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव के नेतृत्व में राजस्व अमला ने जल कर एवं संपत्ति कर बकायादारों पर सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को नल काटने की कार्रवाई की। निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर एक बड़े बकायादार का नल कनेक्शन काटा गया। 60294 रुपए बकाया होने के कारण नीलिमा मसीह का कनेक्शन काटा गया। बकाया राशि होने के कारण यह कार्रवाई की गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध नल कनेक्शन काटने सहित वसूली की कठोर कार्रवाई की जाए। नल कनेक्शन कटने के डर से 5 करदाताओं रफीक खान 9314, तबरेज खान 50779, जलील अहमद 26363, कल्पना प्रसाद 28227, 30229 रुपए का टैक्स जमा लिया गया। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक लक्ष्य गोईर, पवन नायक, तिलक नवरंग, नितिन श्रीवास, शिवेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# सड़क से अतिक्रमण हटाने ट्रैफिक पुलिस ने ननि के साथ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा के तहत ट्रैफिक पुलिस पुलिस व नगर निगम भिलाई द्वारा संयुक्त रूप से शीतला मार्केट, पावर हाउस क्षेत्र में सड़क किनारे लगे अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की गई। सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से लगाए गए ठेले, दुकाने और सामान बाजार में आने-जाने वाले नागरिकों के लिए अवरोधक बन रहे थे। सड़क की चौड़ाई कम होने से ट्रैफिक प्रवाह प्रभावित हो रहा था। मानसून समाप्त के बाद शहर के विभिन्न मार्गों के किनारे झाड़ियों के अत्यधिक बढ़ जाने से सड़क में आने जाने वालों को दिक्कत हो रहा था। समाधान के लिए ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बी.एस.पी. प्रबंधन के समन्वय से झाड़ियों की कटाई की गई। सड़क किनारे सफाई अभियान शुरु किया गया। जिलेभर में ग्रे स्पॉट एवं ब्लैक स्पॉट जो दुर्घटना संभावित क्षेत्र हैं। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ विशेष निगरानी, सघन चालानी कार्रवाई की गई। सीसीटीवी एवं मोबाइल पेट्रोलिंग के माध्यम से नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों, नशे में वाहन चलाने वालों, ट्रिपल सीट, रैश ड्राइविंग, नो पार्किंग जैसे उल्लंघनों पर कड़ी चालानी कार्रवाई की जा रही है। जिलेभर में 353 चालानी कार्रवाई अब तक हो चुकी है। कुल 1.35 लाख रुपए का जुर्माना ट्रैफिक पुलिस ने वसूल किया है।



**अब तक हुई कार्रवाई**

| | |
|---|---|
| बिना हेलमेट | 120 |
| रैश ड्राइविंग | 20 |
| ड्रिंक एंड ड्राइव चालान | 15 |
| ट्रिपल सीट | 35 |
| नो पार्किंग | 25 |

# पेंशन का सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण कराये : आयुक्त पांडेय

**भिलाई।** केन्द्र सरकार की पेंशन योजना से लाभान्वित हितग्राहियो का सत्यापन कार्य नहीं होने पर हितग्राहियो के खाते में पेंशन राशि हस्तानांतरण का कार्य नहीं होगा। जिससे पेंशन के लाभ से हितग्राही वंचित हो सकते है।

■ लाभार्थी सत्यापन ऐप से सत्यापन करवाना अनिवार्य हुआ

निगम ने सभी हितग्राहियो से प्रत्यक्ष सत्यापन के लिए समीप के निगम जोन कार्यालय व मुख्य कार्यालय में उपस्थित होकर सत्यापन कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा है। केन्द्र आधारित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्वावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन हेतु लाभार्थी सत्यापन एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन किया जा रहा है। जिस हेतु लाभ ले रहे द्वारा हितग्राहियों को मोबाईल एप में सत्यापन करवाना अनिवाार्य है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे विशेष रूचि का विषय बताते हुए सत्यापन का कार्य शीध्र पूर्ण करने को कहा है। उक्त कार्य में लापरवाही एवं कोताही बर्दास्त नहीं की जावेगी। लाभार्थीयों का सत्यापन करने पश्चात प्रतिदिन का फीडबैक उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग को भेजा जाएगा। नगर निगम भिलाई अपील करती है कि क्षेत्र के सभी पेंशन हितग्राही 15 दिवस के भीतर निगम मुख्य कार्यालय पेंशन शाखा भेजा जाएगा, जिसकी मानिटरिंग कलेक्टर द्वारा की जा रही है।

# संगठन को मजबूत करने 5 प्रमुख और दो प्रभारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पूज्य युवा सिंधी समाज की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में संस्कृति की रक्षा के लिए नई कार्ययोजना तय की गई। बैठक में उपस्थित सभी युवाओं ने पूरी निष्ठा और जोश के साथ सर्वसम्मति से समाज की नई संरचना पर सहमति जताई तथा संगठन को सशक्त और संगठित करने हेतु 5 प्रमुख और 2 प्रभारी की नियुक्ति की गई। प्रमुख के रूप में रवि केवलतानी, मुकेश केशवानी, मुकेश माखीजा, मनीष मंघनानी, सागर अठवानी नियुक्त किए गए। प्रभारी के रूप में महामंत्री वरुण केवलतानी, मीडिया प्रभारी रौनक जुमनानी को बनाया गया। इन नामों की घोषणा होते ही उपस्थित युवाओं में अत्यंत उत्साह और जोश देखने को मिला। सभी ने ज़ोरदार तालियों और जय झूलेलाल के नारों के साथ नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पूज्य युवा सिंधी समाज आगे आने वाले समय में समाज की एकता, मर्यादा और संस्कृति की रक्षा हेतु कई सामाजिक, सांस्कृतिक और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करेगा। युवाओं ने यह संकल्प लिया कि वे मिलजुलकर सिंधी समाज के गौरव और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

# अखंड हरि कीर्तन के नाम जप से गूंजा मंदिर, भक्तों ने महाभोग किया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में श्री हरि कीर्तन नाम यज्ञ का आयोजन किया गया।दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाल कर की गई।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सुबह 7 बजे पंडित तुषार महापात्र द्वारा यज्ञ बिना रुके 12 घंटे यज्ञ व अनुष्ठान किये गए। जिसमें यजमान ज्योति रंजन साहू पत्नी जूली रानी साहू ने पूरे रिति और संस्कारों के साथ पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद अखंड हरी नाम संकीर्तन की शुरुआत हुई। शाम को मंदिर प्रांगण में 1100 दिये जलाकर दीपदान किया गया। साढ़े 6 बजे महाप्रभु जगन्नाथ की महाआरती की गई। रात 10 बजे हरि कीर्तन नाम यज्ञ का समापन दही मटकी फोड़ कर किया गया।भक्तों ने महा प्रसाद ग्रहण किया। हरी नाम जप से गूंजा मंदिरः- श्री जगन्नाथ मंदिर के सदस्यों के साथ ही विभिन्न कीर्तन दलों एवं भक्त जनों ने नाम जप प्रारंभ किया। संपूर्ण मंदिर परिसर हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम,हरे राम, राम राम हरे हरे की गूंज से भक्तिमय हो गया। नाचते गाते भक्त जनों ने ढोल मंजीरों के साथ हरि नाम लेते हुए परिक्रमा करते रहे। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 के परिसर में महाभोग वितरण का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस महा भंडारा में लगभग 4 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस आयोजन में दिलीप मोहंती अध्यक्ष, अरुण पंडा, रविंद्र साहू, शरद विशाल, सन्यास साहू, रविंद्र मुनि, हरिश्चंद्र रावत, प्रशांत सामल, निलमणी नायक, जित्तू भुइंया, संजीव भुइंया, सुभाष साहू , संजय साहू , गजेंद्र पंडा, राजेंद्र पंडा, संतोष महाराणा और रसोया हरि मोहन की टीम का सहयोग रहा।



## खबर संक्षेप

### निरीक्षण में मिली लापरवाही



**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.विजय खोब्रागड़े ने गत दिनों आयुष्मान आरोग्य मंदिर पेंदाकोड़ो, डूमरटोला एवं बिरजूटोला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में गंभीर लापरवाही सामने आई। डूमरटोला में टीकाकरण केंद्र दोपहर 3 बजे बंद पाया गया। इसी प्रकार बिरजूटोला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की स्थिति अत्यंत खराब पाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को कार्य में लापरवाही बरतने पर फटकार लगाई गई। सीएमएचओ ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।

### हितग्राहियों को किट वितरित



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत पंडरिया में मत्स्य पालन विभाग ने जनपद सभापति ज्योति जंघेल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में हितग्राहीयों को प्रशिक्षण एवं आवश्यक दिशा निर्देशन देकर सामग्री वितरित किया गया।

### स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन



**जेवरतला रोड।** जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के निर्देशानुसार कक्षा 11वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों को नीट और जेईई की निःशुल्क आवासीय कोचिंग हेतु जोन स्तरीय स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरतला रोड में किया गया। टेस्ट में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के 17 विद्यार्थियों ने प्राचार्य आरके देवांगन एवं व्याख्याता अजय पाठक के नेतृत्व में हिस्सा लिया। परीक्षा में उन्हीं विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया जिन्होंने 10 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए थे। जिला स्तर पर प्रवीण्य सूची तैयार कर टॉपर विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जाएगी।

### तहसीलदार ने किया स्थल निरीक्षण



**मुरमुंदा।** ग्राम पंचायत मुसराकला के आश्रित ग्राम मुसरा खुर्द में ग्रामीण कई सालों से चारागाह की भूमि पर मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। कई परिवार कच्चे मकान में रहते है जिन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है क्योंकि भूमि रिकॉर्ड में चारागाह प्रदर्शित हो रहा है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए सरपंच गायत्री शिव टेम्बुलकर ने कलेक्टर कार्यालय में प्रकरण बनाकर पेश किया एवं कलेक्टर से चर्चा करके स्थिति से अवगत कराया था। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को मौके निरीक्षण प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिया है। गत दिनों तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने आगे की कार्रवाई शीघ्र करने का आश्वासन दिया है।

### जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा



**डोंगरगढ़।** स्थानीय नामदेव समाज ने संत नामदेव की जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर भगवान राम के भजन करते हुए महावीर मंदिर पहुंची। समाज के पदाधिकारियों एवं प्रमुखो ने समाजिक एकता, अखंडता व बाबा के बताये रास्ते पर अपने विचार रखे।

### उपराष्ट्रपति का स्वागत



**डोंगरगढ़।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के प्रवास के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। मुलाकात के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, सुरेश एच लाल, सुरेश डुलानी, सरदार हरविंदर सिंह मंगे आदि उपस्थित थे।

### महीनों से परेशान हो रहे चकनार के ग्रामीण

# लाखों की लागत से बनी दो पानी टंकी, फिर भी भटक रहे ग्रामीण

## विभागीय अधिकारी नहीं ले रहे सुध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत चकनार में पेयजल समस्या का स्थायी उपाय नहीं हो पा रहा है जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए आए दिन जद्दोजहद करना पड़ता है। यहां जल जीवन मिशन से ही पेयजल की आपूर्ति हो सकती है किन्तु योजना के तहत कार्य नहीं होने से ग्रामीणों को पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में दो-तीन माह से पेयजल समस्या बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत दो पानी टंकी बनी है परन्तु तकनीकी समस्या और विभागीय उदासीनता के कारण ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि एक टंकी से जल आपूर्ति हो रही है जबकि दूसरी टँकी तकनीकी कारण से बंद है जिससे साठ फीसदी ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे हैं। यहां के ग्रामीणों ने विभाग से पेय एवं निस्तारी जल की व्यवस्था की कई बार गुहार लगा चुके है किन्तु समस्या जस के तस बनी है। पंचायत में पेयजल की समस्या को देखते हुऐ लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण कर पाईप लाईन का विस्तार किया जा चुका है। लोगों के घरों में लगे नल में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं पर आधी से अधिक आबादी के घर में पानी नहीं पहुंच रहा है।



### दोनों टंकी में समस्या

ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना के तहत पूर्व में पानी टंकी बनी है। पाईप लाईन का विस्तार भी हुआ है परन्तु पाईप में जगह जगह लिंकेज एवं तकनीकी खराबी के कारण कुछ मोहल्ला में ही पानी पहुंच रहा है। पंचायत के शेष वार्ड पानी से वंचित हैं। पंचायत में नल जल योजना के तहत एक और पानी टंकी का निर्माण किया गया है ताकि सभी घरों में पानी पहुंचाया जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि बोर में समस्या आने के कारण टंकी चालू नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि बोर में मशीन अंदर नहीं जाने के कारण पानी टंकी में जल भराव नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि इस बोर के समीप एक अन्य बोर है जिससे जोड़ कर टंकी में जल भराव हो सकता है।

### पाईप लाइन का अधूरा विस्तार

नल जल योजना के तहत सभी घरों में पेयजल पहुंचाने कनेक्शन दिया जाना है। ग्रामीणों ने बताया की ऐसे कई घर है जिनके घर तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचा है। आधा अधूरा कनेक्शन देकर छोड़ दिया गया है।

# खेलों की आत्मा है खो-खो : वैष्णव



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- जिला स्तरीय खो-खो स्पर्धा का केसाल में आयोजन

केशाल में जिला स्तरीय सब-जूनियर एवं जूनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शामिल हुईं। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी, सरपंच सोनिया चंद्रवंशी थी। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने खो-खो को खेलों की आत्मा बताते हुए, कहा कि यह खेल मिट्टी, संस्कृति और ग्रामीण जीवन की ऊर्जा को दर्शाता है। खो-खो फुर्ती, साहस, रणनीतिक सोच, धैर्य और टीम भावना विकसित करता है। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, साहस और सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। खो-खो हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। जनपद सदस्य ओमप्रकाश चन्द्रंवशी एवं सरपंच सोनिया चन्द्रंवशी ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर कुमार साय साहू, नैनसिंह पटेल, टीकम साहू, मनोज साहू, कुंदन बड़ोले, तरूण शुक्ला, भरत कोटेलकर, पुनाराम सिन्हा, हिरेन्द चन्द्रंवशी, अशोक सेन, धनेश साहू, गंगोत्री जामुर्य, घनश्याम साहू, कमलाकांत चंद्रंवशी, प्रेम चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित थे।

### वन्दे मातरम् के तहत कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्राथमिक शाला पंडरिया में शुक्रवार को जनपद सभापति ज्योति जघेल के आतिथ्य में वन्दे मातरम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों ने गीत, कविता, रंगोली, चित्रकला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर श्रीमती जंघेल ने कहा कि राष्ट्र इस प्रतिष्ठित गीत की 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए उन शब्दों को याद करें जिन्होंने लाखों लोगों के दिलों में स्वतंत्रता की ज्वाला प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख शिवांगी पसीने, अनिता मरकाम, पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल हुए।

# विभिन्न संस्थाओं में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में शुक्रवार को वंदे मातरम की 150 वी वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। तत्पश्चात वंदेमातरम के बारे में बताया गया कि इस राष्ट्रीय गीत की रचना 1875 में देशभक्त, साहित्यकार और स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणास्त्रोत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने की थी। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, शुभी जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, माधुरी देवांगन, ओमप्रकाश सहारे, हरवंश चौरगे, चंद्रकांत कुंभकार, मोनिश खान, हिमानी साहू एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

**डोंगरगांव।** राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150वां वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन जनपद पंचायत के सभाकक्ष मे हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यकम में जनपद अध्यक्ष रंजीता पडौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू, सभापति ममता पटेल, सदस्य दीपकबाई पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो, वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण अधिकारी ओपी जैन, केएल मंडावी, उप अभियंता दीपा गौरखेड़े ने राष्ट्र गीत के महत्व को बताते हुए अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने राष्ट्रगीत के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त किया।





### विद्यार्थियों ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को विद्यार्थियों एवं आचार्यों और दीदियों ने देखा और सुना। विद्यार्थियों द्वारा वंदे मातरम का गायन किया।अंत में आचार्य सुरेशदास वैष्णव ने वंदे मातरम को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीकेश साहू, गणेश वर्मा, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, अमिता जैन, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, लता सोनकर, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले शामिल हुए।



## नवोदय मॉक टेस्ट सीरीज प्रारंभ

**मोहला।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होगी। प्रवेश के लिए कक्षा पाँचवी के छात्र जुलाई माह से तैयारी कर रहे हैं। तैयारियों का आकलन करने के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मानपुर में नवोदय प्रवेश परीक्षा माक टेस्ट सीरीज प्रारंभ किया गया। यह माक टेस्ट वास्तविक परीक्षा की तरह गोपनीयता बरतते हुए निर्धारित पैटर्न, समय सीमा और पर्यवेक्षण के साथ आयोजित होगी।

टेस्ट में मानसिक योग्यता के 40, गणित के 20 और हिंदी के 20 प्रश्न शामिल किया गया है। टेस्ट सीरीज उद्घाटन के अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोजेश शाह मंडावी, सरपंच शकुंतला गावड़े, मदन साहू, मंडल अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने टेस्ट सीरीज के आयोजन को अच्छी पहल बताते हुए कहा कि ऐसे अवसर से बच्चों में आत्मविश्वास जगेगा। वह अपनी तैयारियों को जांच कर सकेंगे और कमियों को दूर कर सकते हैं। टेस्ट सीरीज का आयोजन में बीईओ एआर कौर, एबीईओ अरूण मरकाम, सुश्री जाहिदा खान, नरेंद्र मानिकपुरी, चेतनदास सार्वा ने किया है जिसमें राजेन्द्र वर्मा, प्रहलाद निर्मलकर, भोगराज साहू, स्वाति सिल्हरे, नोहरसिंग रावटे, भूपेन्द्र रामटेके आदि ने सहयोग दिया।

## सांसद की उपेक्षा करने का आरोप

- जिले के अधिकारियों की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने अधिकारियों पर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। उन्होंने उप राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान आ यो जि त उद्घाघाटन और लो का प ´ ण कार्यक्रम के आमंत्रण कार्ड में सांसद संतोष पांडेय के नाम तक उल्लेख तक नहीं किया गया था।श्री पांडे सांसद होने के साथ प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता भी है इसके बाद भी उनका नाम नहीं होना दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए घटना की निंदा की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे भाजपा की अंतर्कलह बता रहे है जबकि आमंत्रण कार्ड प्रशासन ने प्रकाशित करवाया था जिसमें भाजपा का कोई रोल नहीं था।



# आश्वासन के बाद चक्काजाम टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सोसायटी के गठन की मांग को लेकर किसानों ने बधियाटोला मुरमुंदा सड़क पर चक्काजाम आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। प्रशासन की लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन को समाप्त किया गया।

सहकारिता विभाग ने कुरुभांठ को नवीन सोसायटी गठन का आदेश जारी किया है जिसे लेकर किसानों में आक्रोश देखा जा रहा था। बधियाटोला, रामनगर, छिरपानी, राका के किसानों ने कुरुभांठ में सोसायटी बनाने का विरोध करते हुए एसडीएम एम.भार्गव को ज्ञापन सौंपा था जिसमें 7 दिवस के भीतर उनकी मांगों का समाधान नहीं होने पर 6 नवम्बर को चक्का जाम करने की बात कही गई थी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत बधियाटोला, रामनगर, छिरपानी, राका के किसान गुरूवार को पेट्रोल पंप के पास एकत्रित होकर चक्काजाम की तैयारी कर रहे थे।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी



आंदोलन की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी संतोष जायसवाल, चिचोला चौकी प्रभारी योगेश पटेल, तुमडीबोड चौकी प्रभारी दिलीप पटेल, नायब तहसीलदार मेघा जैन ने मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाने का प्रयास किया। किसान लिखित आश्वासन मिलने पर ही आंदोलन से पीछे हटने की बात करते रहे। किसानों ने बताया कि कुरुभांठ में सोसायटी खोलने की तैयारी की जा रही है, जबकि पहले ग्राम राका में सोसायटी खोलने का आदेश हुआ था। राका के स्थान पर कुरुभांठ का चयन होने से किसान नाराज है। किसानों का कहना था कि बधियाटोला या ग्राम राका में सोसायटी खोलना अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि सभी नजदीकी गांव कुरुभांठ, राजकट्टा, रामनगर, छिरपानी आदि के लिए सुविधाजनक है।

### जनप्रतिनिधि किसानों के साथ

किसानों ने बताया कि इस विषय के निराकरण को लेकर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, पार्षद मेनका राजेश कंडरा, राजा सेन, भूपेंद्र मरकाम सहित जनप्रतिनिधियों के अनुशंसा पत्र और ग्राम पंचायत राका के प्रस्ताव की प्रतिलिपि प्रशासन को दी जा चुकी है। ग्रामीण पिछले छह माह से अधिकारियों को आवेदन देते आ रहे हैं, परंतु इस मामले पर विचार कर अधिकारियों ने कोई निर्णय नहीं लिया। आंदोलित किसान सहकारिता विस्तार अधिकारी लोकनाथ माहेश्वरी द्वारा लिखित में मांग पूरी करने के आश्वासन देने पर चक्काजाम करने के निर्णय से पीछे हटे। इस अवसर पर दशरथ ठाकुर, खोरबाहराम सिन्हा, अमरचंद निषाद, शंकर चंदवंशी, आशाराम सिन्हा, धर्मेंद्र कंवर, मंजू कंवर, मदन साहू, अर्जुन बांधे, मालती बाई, राजकुमार सिन्हा, गणेश, गीताबाई, निर्मलाबाई, बिन्दुबाई, रामेश्वरी कंवर, सोमेश्वर सिन्हा, केशव सिन्हा, कामेश्वर साहू, प्रमोद निषाद, बंटू निषाद, युवराज सेन, महेश भूपति, अलंकार साहू, सुनील सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन

# विधान कर किया सिद्धों को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

तीन लोक के अग्रभाग पर विराजमान अनंतानंत सिद्धों को नमन करने श्री दिगम्बर जैन मंदिर में बीते दिनों श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन किया गया। विधान के बाद विश्व शांति के लिए हवन में आहुतियां दी गई।

श्री दिगम्बर जैन मंदिर में समाधिस्थ जैनाचार्य 108 विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका 105 श्वेतमती माता और आर्यिका विदेहमति के सानिध्य में अष्टानिका के मौके पर बड़ा धार्मिक आयोजन किया गया जिसमें समाज के सभी वर्ग ने उत्साह के साथ सहभागिता दर्ज कराया। आयोजन के दौरान श्रावक श्राविकाओं ने नित्य पूजन, अभिषेक, शांतिधारा में श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। विधान की प्रक्रिया रीति रिवाज के साथ पूरा कराया। उल्लेखनीय है कि तीन लोक के अग्रभाग पर विराजमान अनंतानंत सिद्धों को सिद्धचक्र विधान के माध्यम से नमन किया जाता है। अष्टान्हिका पर्व के दौरान प्रायः सभी जगह इस विधान का आयोजन होता है, क्योंकि मैना सुन्दरी ने अष्टान्हिका में इसकी विधिवत आराधना कर अपने पति एवं सात सौ कुष्ठ रोगियों का कुष्ठ रोग दूर किया था।



### भजनों में जमकर थिरके

विधान के बाद जैन मंदिर से जिन देव की शोभायात्रा निकालकर नगर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए वापस मंदिर पहुंची जहां श्री जी को वेदी में विराजमान किया गया। शहर भ्रमण के दौरान भक्ति गीतों में युवा जमकर थिरके वही लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने भगवान की पूजा आरती किया।

### सिद्धों को चढ़ाया अर्घ्य

श्री सिद्ध महामंडल विधान में अब तक हुए, हो रहे तथा भविष्य में होने वाले सिद्ध भगवान के गुणों की आराधना 8, 16, 32, 64, 128, 512, 1024 अर्घ्य के माध्यम से की गई। भगवान के सहस्त्रनाम की आराधना की गई। बीते गुरुवार को विश्व शांति महायज्ञ में बड़ी संख्या में महिला, पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राजीव लोचन आयुर्वेद कॉलेज ने एनसीआईएसएम की रैंकिंग में पहला स्थान किया हासिल



**अंडा।** राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एन.सी. आई.एस.एम) नई दिल्ली द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी, दुर्ग (छ.ग.) ने एक बार फिर छतीसगढ़ में ग्रेड-बी के साथ पहला स्थान हासिल किया है। संस्थान के प्रबंध संचालक आर. साहू के अनुसार यह उपलब्धि संस्थागत प्रबंधन, शिक्षा की गुणक्ता, शिक्षकों का स्तर, अनुसंधान, रोगी सुरक्षा तथा चिकित्सा का स्तर और सेवा वितरण जैसे मानकों पर श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण मिली है। महाविद्यालय की प्राचार्या ने बताया कि क्वालिटी काउंसिलिग ऑफ इंडिया की जांच में संस्थान ने अपना उत्कृष्ट परिणाम दिए है। राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग (एन.सी.आई.एस.एम) की ओर से जारी रैंकिंग में कुल 36 संस्थान ग्रेड ए और 58 संस्थान ग्रेड-बी श्रेणी में शामिल दिए गए हैं। देशभर में राजीव लोचन आयुर्वेद महाविद्यालय चंदखुरी का स्थान 89th हैं। देश में कुल आयुर्वेद महाविद्यालय की संख्या 550 हैं तथा छतीसगढ़ में 8 आयुर्वेद संस्थान है। पिछले वर्ष 220 संस्थान तथा इस वर्ष 180 संस्थानों की सूची ग्रेड के अनुसार जारी की है। संस्थान में 60 की प्रवेश क्षमता है तथा राज्य का प्रथम निजी आयुर्वेद महाविद्यालय जो 2002 से संचालित हो रहा है।

### ब्लॉक सेन समाज अर्जुन्दा के अध्यक्ष बने अशोक भरतद्वाज

**अंडा।** ब्लाक सेन समाज अर्जुन्दा चुनाव संपन्न हुआ मोहदीपाट सेन भवन में अध्यक्ष अशोक भरतद्वाज और सचिव दीपेन्द्र सेन बने जिसमें जिला सेन समाज के पादा अधिकारी द्वारा चुनाव करवाया सर्व सर्वसम्मति से जिसमें उपस्थित थे, जंगन कौशिक सरक्षक जिला सेन बालोद उपाध्यक्ष लोकेश कौशिक, संतोष श्रीवास कोषाध्यक्ष संतोष वास संगठन मंत्री एवं जिला पादा अधिकारी गण एवं समस्त सेन गण के सदस्य उपस्थित थे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों गण नियुक्ति किया सर्व सहमति से ब्लाक अध्यक्ष अशोक भरतद्वाज उपाध्यक्ष सतीश सेन ब्लाक सचिव दीपेन्द्र सेन कोषाध्यक्ष ईश्वर लाल सेन सह सचिव यामेद्र भरतद्वाज महामंत्री डोमेद्र सेन संगठन मंत्री उदेराम सेन संरक्षक मिल कुमार सेन कार्यकारणी सदस्य हरवंश कुमार सेन अजय भरतद्वाज कुलेश्वर सेन नेतराम सेन को बनाया गया जिसमें सेन समाज सभी सदस्य हर्ष व्यक्त किया।

## आयोजन

### विधायक संगीता सिन्हा ने की पूजा-अर्चना और रिबन काटकर किया उद्घाटन

# ग्रामीण साहू समाज सनौद में हुआ टीना शेड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्रामीण साहू समाज सनौद के तत्वाधान में टीना शेड लोकार्पण एवं विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता अध्यक्ष ब्लॉक काँग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरुर टोमन साहू, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर उमेश कुमार साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरुर आशीष साहू, पूर्व अध्यक्ष लौह शिल्पकार बोर्ड लोचन विश्वकर्मा, ग्राम पटेल सनौद केशव सोनबेर, साहू समाज सनौद के द्वारा आमंत्रित किया गया। विधायक संगीता सिन्हा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा पूजन वंदन एवं ध्वजारोहण के उपरांत आरती किया गया तत्पश्चात टीना शेड का लोकार्पण रिबन काटकर विधायक द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर साहू समाज सनौद के समस्त पूर्व पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह और साल देकर ससम्मान विदाई भी विधायक के द्वारा दिया गया।

- पूर्व पदाधिकारियों को साल और स्मृति चिन्ह देकर दी गई भावभीनी विदाई



#### टीन शेड निर्माण को बताया उपयोगी



उक्त कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा ने आये हुए ग्रामीण श्रोताओं को संबोधित करते हुए साहू समाज की कुल देवी भक्त माता कर्मा को याद करते हुए साहू समाज को जिला और प्रदेश की बहुत बड़ा समाज बताया जो एक जुट होकर कई सामाजिक कुरीतियों और बुराईयों को दूर कर अन्य समाज को भी सही रास्ता दिखाने का काम कर रहे हैं, साथ ही टीना शेड निर्माण को किसी भी मौसम में सामाजिक और ग्रामीण जनों के लिए बहुत ही उपयोगी बताया। अंत मे सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, साल और श्रीफल देकर ससम्मान विदाई दिया गया।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर यानेश साहू, पूर्णेश्वर अड़िल, राकेश सोनबेर, मंडल उपाध्यक्ष अरमरीकला चोवा राम साहू, ग्रामीण साहू समाज सनौद के अध्यक्ष मुकेश सार्वा, उपाध्यक्ष सुखदेव सार्वा, महिला उपाध्यक्ष सोनिया साहू, सचिव डिगम साहू, सहसचिव तारण साहू, संरक्षक डॉक्टर लोकेश्वर साहू, गुहाराम साहू, समस्त पदाधिकारी गण एवं ग्राम वासी सनौद उपस्थित थे।

### परिक्षेत्रीय निषाद समाज भवन का हुआ लोकार्पण



**गुरूर।** परिक्षेत्रीय निषाद समाज सनौद डोटोपार के तत्वाधान में परिक्षेत्रीय निषाद समाज भवन का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा थी, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेन्द्र निषाद ने किया। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष ब्लॉक काँग्रेस कमेटी गुरूर तामेश्वर साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत बालोद केदारनाथ देवांगन, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरुर टोमन साहू, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर उमेश कुमार साहू, अध्यक्ष तहसील निषाद समाज गुरूर टीआर. निषाद, सलाहकार तहसील निषाद समाज श्रवण निषाद, तहसील महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सावित्री निषाद, पूर्व अध्यक्ष लौह शिल्पकार बोर्ड लोचन विश्वकर्मा, ग्राम पटेल सनौद केशव सोनबेर, जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग बालोद दिनाराम चेलक, चोवा राम साहू, पूर्णेश्वर अड़िल, राकेश सोनबेर, यानेश सोनकलिहारी, रतन लाल केकती को परिक्षेत्रीय निषाद समाज सनौद के द्वारा आमंत्रित किया गया।

#### निषाद समाज भवन का किया लोकार्पण

विधायक संगीता सिन्हा एवं अन्य अतिथियों के द्वारा पूजन वंदन कर परिक्षेत्रीय निषाद समाज भवन का लोकार्पण रिबन काटकर विधायक के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा ने आये हुए ग्रामीण श्रोताओं को संबोधित करते हुए निषाद समाज को एक संगठित समाज बताया जो एक जुट होकर नित अपना सामाजिक उत्थान कर रहे है। जैसे निषाद राज ने भगवान श्रीराम चन्द्र की सहयता एक मित्र बनकर की वैसे ही निषाद समाज के लोग दूसरों की सहायता करते हैं और हमेशा भगवान श्री रामचन्द्र जी की तरह प्रसन्न चित रहते हैं। **ये रहे उपस्थितः** विधायक जी ने भवन निर्माण को सामाजिक और ग्रामीण जनों के किसी भी कार्यक्रम के लिए बहुत ही उपयोगी बताया। अंत मे सभी अतिथियों को भेंट और श्रीफल देकर ससम्मान विदाई दिया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय निषाद समाज सनौद डोटोपार के अध्यक्ष रमेसर निषाद, उपाध्यक्ष चुनुराम निषाद, सचिव ललित कुमार निषाद, कोषाध्यक्ष ईश्वर निषाद, संरक्षक घनश्याम निषाद, सहसचिव संतोष निषाद, रामचरण निषाद, सनत निषाद, जीवन निषाद समस्त पदाधिकारी एवं ग्रामवासी सनौद उपस्थित थे।

# 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष पर सेजेस स्कूल में मनाया गया स्मरणोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वी वर्षगांठ पर सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा में स्मरणोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती सुनीता यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से प्रोजेक्टर पर शाला के समस्त विद्यार्थियों , शिक्षकों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिखाया गया। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पश्चात वंदे मातरम का गायन किया गया।

- राष्ट्रीय गीत की गूंज से गूंजा विद्यालय, विद्यार्थियों ने देखा प्रधानमंत्री का संबोधन

इस अवसर पर प्राचार्य सुनीता यादव ने कहा कि ' वंदे मातरम' मां भारती की आराधना है । यह आजादी के परवानों का तराना होने के साथ इस बात की भी प्रेरणा देता है कि हमें आजादी की रक्षा कैसे करनी है।मुख्य अतिथि डॉक्टर भूपेंद्र मिश्रा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने कहा कि वंदे मातरम एक चिरस्थाई गान है। यह भारत का राष्ट्रीय पहचान और स्थाई प्रतीक है, जो स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माता की अनगिनत पीडिया को प्रेरित किया है। विशिष्ट अतिथि संजय बैस पूर्व जनपद सदस्य कुसुमकसा ने कहा कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित अमर उपन्यास आनंद मठ से लिया गया राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम भारतीय एकता का पहचान है इससे अंग्रेजों की नींद उड़ गई थी क्योंकि यह गीत क्रांतिकारियों की शक्ति और उत्साह का प्रतीक बन गया था। विशिष्ट अतिथि योगेंद्र कुमार सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा ने कहा कि वंदे मातरम राष्ट्र की सभ्यता राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग है। 150 वीं वर्षगांठ जैसे स्वर्णिम पल इस मील के पत्थर को मनाने का अवसर एकता, बलिदान और भक्ति के कालातीत संदेश की पुष्टि करने का अवसर प्रदान करता है। व्याख्याता तामसिंग पारकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंग्रेजों ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को स्कूलों में गाने पर रोक लगाई और विद्यार्थियों को दंड भी दिया गया। परन्तु गीत की गूंज नहीं रुकी, पूरे देश में आंदोलन के रूप में फैल गया। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी भूमिका निभाने के कारण ' वंदे मातरम' को ' जन - गण - मन' के समान दर्जा दिया जाना चाहिए।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर डॉक्टर नसीम खान सदस्य प्रबंधन समिति, नईम कुरैशी अध्यक्ष पालक समिति, देवराज जैन तथा व्याख्यातागण संदीप नायक, आमोद त्रिपाठी, सरिता पांडे, रानू सोनी सोनम गुप्ता, शिवम गुप्ता, प्रियंका सिंह, भावना यादव, नदीम खान, त्रिशला नोनहारे, यामिनी नेताम , यशेष रावते,पूजा रात्रि ,अंकिता मानकर, होमेश्वरी भेड़िया ,गरिमा, समीक्षा, भूपेश टंडन ,प्रवीण किरनपुरे तथा प्रकाश धीवर आदि उपस्थित थे।

# जिले के सेन समाज चुनाव में सर्वसम्मति की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बालोद जिले में सेन नाई समाज का चुनावी समर मे अब तक छह ब्लाक का ब्लाक सेन समाज का चुनाव सम्पन्न हो चुका है। जिसमे गुरुर, देवरी, डौंडीलोहारा, अर्जुन्दा, डौंडी एवं बालोद का चुनाव सर्व सम्मति से सम्पन्न हो चुका है।

- छह ब्लॉकों में बिना मतभेद सम्पन्न हुआ निर्वाचन प्रक्रिया, सेतुराम सेन बने बालोद ब्लॉक अध्यक्ष, संगठन को मिली नई दिशा



बालोद ब्लाक का चुनाव सेन भवन बंजारी धाम जुगेरा में सम्पन्न हुआ। जिसमें सेतु राम सेन लिमोरा निवासी को ब्लाक अध्यक्ष के पद पर चुने गए। सचिव जनक कौशिक परसोदा, उपाध्यक्ष ढालेशवर प्रसाद भारद्वाज मेडकी, कोषाध्यक्ष दिलीप सेन तमोरा, सहसचिव लोकेश सेन सांकरा ज, संगठन मंत्री द्वारिका प्रसाद जगतरा, महामंत्री, मुकेश सेन बालोद शहर एवं संरक्षक शिवप्रसाद भारद्वाज देवारभाट एवं घनश्याम कौशिक पीपरछेडी, सलाहकार के रुप में रामकृष्ण भारद्वाज करहीभदर, तिजु राम कौशिक पाररास, कार्यकारिणी सदस्य हेतु गुमान सेन, चुन्नी लाल सेन, बिशेसर सेन, संतोष श्रीवास संतोष भारद्वाज बनाये गये।

**सर्व सम्मति बनाकर हो रहे चुनावः** जानकारी देते हुए जिला मिडीया प्रभारी उमेश सेन ने बताया कि जिला सेन समाज के चुनाव में पाररास बालोद निवासी पुर्व पार्षद संतोष कौशिक के जिलाध्यक्ष बनने के पश्चात लगातार समाज को गति देने मे इनकी भुमिका वंदनीय रही है, इनके अथक परिश्रम एवं प्रयास से ब्लाकों मे निर्विघ्न एवं निर्विवाद रूप से सर्व सम्मति बनाकर बग़ैर वोटिंग के चुनाव सम्पन्न कराये जा रहे हैं इनके कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व से जिले में सेन समाज का चहुंमुखी विकास होगा। ऐसे समाज सेवी जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक को समाज का आशीर्वाद एवं समर्थन मिल रहा है।

#### इनका मिल रहा सहयोग

दलीराजहरा का चुनाव 11 नवंबर एवं गुण्डरदेही ब्लाक का चुनाव 18 नवम्बर को निश्चित किया गया है। इन दिनों ब्लाक में भी सर्व सम्मति से चुनाव सम्पन्न कराया जावेगा। सभी चुनावी समर में जिला पदाधिकारी गण, जगन कौशिक, राम कुमार श्रीवास, लोचन सेन धनी राम कौशिक, संतोष श्रीवास, संतोष सेन, टुमन कौशिक, उमेश सेन, ओमप्रकाश कौशिक, भीमेश्वरी शांडिल्य, डी मीना कौशिक सहित ईकाई ब्लाक एवं जिला स्तर के सभी स्वजातीय बंधुओं का सहयोग मिल रहा है।

# स्थानीय उद्योगों को सशक्त बनाना ही राष्ट्र निर्माण का आधार : मंत्री खुशवंत साहेब






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन–जन तक पहुँचाने के लिए बालोद जिले के गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कलंगपुर में एक भव्य संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने निकले गुरु खुशवंत साहेब

इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए जोरदार आह्वान किया। कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने उपस्थित कार्यकर्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओ और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि हर भारतीय को सशक्त बनाने का एक वादा है। उन्होंने ज़ोर दिया कि हमें अपने स्थानीय उद्योगों, छोटे व्यापारियों और कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा जब हम लोकल के लिए वोकल बनते हैं, तो हम सिर्फ सामान नहीं खरीदते, बल्कि हम अपने देश के किसी किसान, नौजवान या महिला के सपनों को पंख देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने रक्षा, खाद्य और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रें में आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से कदम बढ़ाए हैं। मंत्री जी ने केंद्र सरकार की मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और उज्ज्वला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का भी उल्लेख किया, जिनके माध्यम से लाखों लोगों ने स्वरोजगार अपनाया है और वे आत्मनिर्भर बने हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने देश के गरीब और वंचित वर्ग को सम्मान के साथ जीने का अवसर दिया है।

जैतखाम में की पूजा अर्चना, सतनामी समाज के लोगों ने किया भव्य स्वागत ग्राम कलंगपुर पहुंचने पर सतनामी समाज के लोगों ने कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का भव्य स्वागत किया। समाज के गुरु को अपने बीच पाकर सतनामी समाज के लोग काफी उत्सुक थे। इस दौरान गुरु खुशवंत साहेब ने जैतखाम में पूजा अर्चना कर सभी के कल्याण की कामना की।

#### ये रहे उपस्थितः

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पुरूशोतम चंद्राकर, प्रमोद जैन, पुष्पेन्द्र चंद्राकर, लेख राम साहू, अश्वनी यादव, टिनेश्वर बघेल, हरीश कटझरे, कांति सोनेश्वरी एवं सभामंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पाटएँ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजजन व आमजन उपस्थित थे।

### साहू समाज का शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह आज

**लाटाबोड़।** परिक्षेत्रिय साहू समाज लाटाबोड़ के तत्वधान में 8 नवम्बर शनिवार को परिक्षेत्र स्तरीय नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन कर्मा सामुदायिक भवन लाटाबोड़ मे रखा गया है ग्रामीण साहू समाज लाटाबोड़ के अध्यक्ष संदीप साहू ने कार्यक्रम मे अधिक से अधिक सामाजिक बंधुओ क़ो शामिल होने का आग्रह किया है जिसमे कार्यक्रम मुख्यअतिथियो की उपस्थिति मे संपन्न होगा। जिसका विवरण इस प्रकार है प्रातः 10:00 बजे से 10:15 बजे भक्त माता कर्मा जी की पूजा आरती 10:30 बजे से 11:30 बजे तहसील साहू समाज नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान एवं उद्बोधन11:15 बजे से 12:15 सामाजिक जनप्रतिनिधियों एवं परिक्षेत्रिय आजीवन सदस्यों का सम्मान 12:30 बजे से 01:30 बजे नव निर्वाचित परिक्षेत्र लाटाबोड़ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं उद्बोधन 01:30 बजे से 02:15 बजे भोजन अवकाश 02:30 बजे से 03:15 बजे लाटाबोड़ परिक्षेत्र नवनिर्वाचित ग्रामीण अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदत्त 03:15 बजे से 04:15 बजे पुर्व परिक्षेत्रिय लाटाबोड़ पदाधिकारी गणों का सम्मान एवं उद्बोधन 04:15 बजे से 04:30 बजे से आभार एवं समापन की घोषणा किया जायेगा।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष : जनपद सभाकक्ष में उमड़ा देशभक्ति का जोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शुक्रवार को जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सभा कक्ष में वंदे मातरम के 150 साल को यादगार बनाने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाणी श्रवण किया गया। वंदे मातरम एक राष्ट्रीय अभियान है, जिसका उद्देश्य हमारे देश के इस महान गीत वंदे मातरम् की भावना और इतिहास में उसकी भूमिका को याद करना है। जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने कहा कि वंदे मातरम् सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि हमारे देश की आत्मा की आवाज़ है। आज़ादी के समय यह गीत हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा बना और देश के हर कोने में लोगों में देशभक्ति की लहर जगाई। 1 अक्टूबर को भारत सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया है। सीईओ पंकज देव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद है कि देश के लोग खासकर हमारे युवा और विद्यार्थी, इस गीत के असली अर्थ और जोश को समझें और अपने दिल में महसूस करें। देशभर में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं और डिजिटल अभियानों के ज़रिए हम इस अमर गीत को सम्मान देंगे, ताकि इसकी प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचे और हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहे। उक्त कार्यक्रम की शुरुआत पी एम श्री के बच्चों ने वन्दे मातरम गीत गाकर कार्यक्रम को प्रभावी बना दिया।

- प्रधानमंत्री के संदेश से गूंजा डौंडीलोहारा का सभाकक्ष
- पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, जनपद सदस्य डोमेन्द्र देशमुख, जनपद स्टॉफ जेएल देहारी, लोकनाथ कोसरे, केआर जामुरिया लोकराम नायक, झमित सोनी, दीपा वर्मा, भागवत तुमरेकी, गौतम सिन्हा, अविनाश साहू सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### महिला स्व सहायता समूह की सचिव ने की 20 लाख की ठगी

**भिलाई।** महिला स्वसहायता समूह के रकम को बैंक खाते में न जमाकर स्वयं के पास रख कर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि ग्राम कोटनी निवासी दिव्या साहू नव जागृति समूह अध्यक्ष है। उन्होंने शिकायत किया था कि महिला स्व सहायता समूह के राशि को गबन गांव की मनिता निषाद ने किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




